**खबर संक्षेप**

## जिले में अब तक 1069 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से रविवार 21 सितम्बर तक कुल 1069 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 1429.4 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 1062.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 0.6 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख अमृता गर्ग ने बताया कि जिले में आलोच्य अवधि तक कटनी तहसील में 1134.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 1429.4 मिमी, बड़वारा तहसील में 966 मिलीमीटर, बरही तहसील में 944 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 927.9 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 942.1 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 1203.6 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 1001 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## जीएसटी टीम ने कार्यवाही कर वसूली लाखों की पेनाल्टी

**कटनी।** स्टेट जीएसटी की विशेष टीम ने बिना बिल और बिल्टी के चल रहे कपड़े, परचून, इलेक्ट्रॉनिक सामान और पान मसाले के कारोबार पर कार्रवाई करते हुए ट्रांसपोर्टरों व व्यापारियों से लाखों रुपये की पेनाल्टी वसूली है। टीम ने कटनी में नंद ट्रांसपोर्ट, मऊरानीपुर ट्रांसपोर्ट और अनिल कुशवाहा के 4 ट्रकों को जब्त किया। जांच में सामने आया कि व्यापारी बिना वैध बिल-बिल्टी के सामान भेज रहे थे और सरकार से टैक्स चोरी कर रहे थे। एसडीओ चंद्रकुंवर सिंह के नेतृत्व में 3 से 4 सितंबर तक कटनी, जबलपुर, मंडला और नरसिंहपुर में वाहनों की जांच की गई। दो दिन में 45 गाड़ियों की जांच हुई, जिनमें से 14 गाड़ियों में गड़बड़ी पाई गई। इन ट्रकों में कपड़े, कंबल, सौंदर्य प्रसाधन और परचून का सामान भरा था। हर कार्टन को खोलकर बिलों से मिलान कराया गया। ट्रक नंबर आरजे 11 जीसी 3927, आरजे 11 जीसी 6156, एमपी 16 एच 1498 और आरजे 05 जीबी 6054 सहित अन्य वाहनों की वीडियोग्राफी के साथ जांच की गई। जांच के दौरान 10 लाख रुपये की टैक्स पेनाल्टी लगाई गई। पांच दिन की पॉवर जांच में कुल 14 ट्रकों में गड़बड़ी मिलने पर 45 लाख रुपये की टैक्स पेनाल्टी वसूली गई। विभाग ने संकेत दिए हैं कि जीएसटी चोरी रोकने के लिए और भी सख्त कदम उठाए जाएंगे।

## हादसे में युवक की मौत

**कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत चाका बाईपास रोड गत सुबह तेज रफ्तार कंटेनर वाहन ने बाइक सवार युवक को रौंद दिया। इस घटना में कैलवारा कला क्षेत्र निवासी अभिषेक की घटनास्थल पर मौत हो गई। बताया जा रहा है कंटेनर वाहन बाइक सवार को रौद कर भाग रहा था जिसे स्थानीय लोगो ने पकड़ा और वाहन जप्त कर थाने लाया गया। अभिषेक चाका क्षेत्र में काम करता था। वह ड्यूटी पर जा रहा था उसी समय यह दुर्घटना घटित हुई।

### बड़वारा एवं बहोरीबंद थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित

# पर्वों के दौरान सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





दुर्गा पूजा और विजयादशमी पर्व को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए बड़वारा थाना परिसर में थाना प्रभारी केके पटेल द्वारा शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। थाना प्रभारी ने भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आह्वान किया।

थाना प्रभारी ने हॉट स्पॉट इलाकों की पहचान कर वहां लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए। थाना स्तर पर सघन गश्त व चेकिंग बढ़ाने पर बल दिया। जनपद सदस्य सुनील सिंह ने पूजा पंडालों तक जाने वाले मार्गों पर ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने पर सुझाव दिया। भीड़ वाले इलाकों में रोशनीयुक्त सुरक्षित पार्किंग सुनिश्चित करने और चोरी-छीना-झपटी रोकने हेतु चौकसी करने की बात कही जिस पर कार्रवाई करने व सहयोग करने का थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया।

त्योहारों में अफवाह फैलाने या आपत्तिजनक पोस्ट डालने वालों पर सतर्क रहने व निगरानी रखने को थाना प्रभारी ने कहा । माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही।

ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष विकास निगम ने दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के जुलूस मार्गों और तिथियों का सत्यापन कराने, विवादस्पद क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखने एवम विसर्जन स्थल पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की बात कही जिस पर सहयोग व आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन थाना प्रभारी ने दिया।

विजयादशमी के दिन भीड़ नियंत्रण, महिला-बच्चों-बुजुर्गों की सुरक्षा और भगदड़ जैसी स्थिति रोकने के लिए विशेष सतर्कता बनाये पर सहमति बनी।

के के पटेल थाना प्रभारी बड़वारा , मोहन सिंह रेवेंनव्यू इंस्पेक्टर, सुनील सिंह जनपद सदस्य, विकास निगम ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष, बीरभद्र दुबे(छोटू महाराज), हर्ष द्विवेदी, ओमकार सिंह, फूलचंद यादव जोगिया सरपंच, सुरेंद्र दुबे नन्हवारा सेझा, अनिल विश्वकर्मा, सोमनाथ विश्वकर्मा, खेमचंद यादव, बबलू चौधरी, बिजली विभाग से संजय मिश्रा, सियाराम साहू, विक्रांत निगम एवम मीडिया से अरुण निगम,विक्रांत निगम,रवि कचेर, मोहम्मद एजाज एवम गणमान्य जन उपस्थित रहे।

### भक्तिभाव के साथ मनाएं पर्व

शारदेय नवरात्र का पर्व 22 सितंबर सोमवार से शुरु होगा। बहोरीबंद थाना क्षेत्र मे शारदेय नवरात्र व दशहरे का पर्व भक्तिभाव व आस्था के साथ उल्लासपूर्वक मनाया जाये इसको लेकर बहोरीबंद थाना मे शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया ने राज्य व जिला प्रशासन के द्वारा जारी गाइडलाइन से समिति सदस्यों व गणमान्य नागरिकों को अवगत कराते हुए दिशा -निर्देशों के अनुपालन हेतु निर्देशित किया। तहसीलदार ने कहा कि नवरात्र पर्व पर दुर्गा पंडालो मे रात 10 बजे के बाद डीजे साउंड नहीं बजेगा। सोशल मीडिया पर धर्म ओर देवी -देवताओं को लेकर कोई भी अर्नगल टिप्पणी न करें। पंडालो ओर चल समारोह के दौरान धार्मिक गानों के अलावा फ़ल्मिी गाने बजने पर कार्रवाई होगी। उन्होने कहा कि दुर्गा प्रतिमाएँ स्थापित करने के लिए मुख्य मार्ग पर पंडाल न लगाए ताकि आवागमन बाधित न हो। दुर्गा पंडाल मे रात्रि के समय कम से कम दो समिति सदस्य रुके, जो पुलिस के संपर्क मे रहे। समितियाँ दुर्गा पंडालो मे सीसीटीवी कैमरे लगवाएं। आगजनी से बचने हेतु पंडाल मे संसाधन ओर फस्ट एड बॉक्स रखें। बिजली तार के समीप दुर्गा पंडाल नहीं बनाये!विसर्जन के दौरान छोटे बच्चों को घाटों तक नहीं लेकर जाये। कनिष्ठ अभियंता ने कहा कि दुर्गा पंडालो मे बिजली के लिए समितियाँ टीसी कनैक्शन लें। बगैर टीसी कनेक्शन ओर चोरी की बिजली उपयोग करते हुए पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। तहसीलदार आकाशदीप नामदेव ने कहा नवरात्रि मे जल चढ़ाने के लिए जाने वाले मार्ग एवं स्थानों पर सुरक्षा की समुचित व्यवस्था की जाये।



# दशम आयुर्वेद दिवस मनाये जाने हेतु संगोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राज्य शासन के आयुष विभाग द्वारा प्रति वर्ष राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस 23 सितम्बर को मनाये जाने का निर्णय लिए जाने के पालन में जिले में 'आयुर्वेद जन-जन के लिए पृथ्वी के कल्याण के लिए' थीम पर दशम आयुर्वेद दिवस मनाया जा रहा है।

इसी क्रम में आयुर्वेद दिवस, सेवा पखवाडा एवं देवारण्य योजना अंतर्गत शनिवार को जिला आयुष कार्यालय परिसर कटनी में जिले के विशेषज्ञ चिकित्सकों, मानव जीवन विकास समिति के पंजीकृत किसानों की उपस्थिति में आयुर्वेद संगोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला आयुष अधिकारी डॉ. आशीष रेजा ने आयुर्वेद दिवस के महत्व की पहचान बताते हुए जिले में एक जिला एक उत्पाद के रूप में अश्वगंधा औषधि के पौधे की खेती करने हेतु किसानों को प्रोत्साहित किया।

संगोष्ठी में पर्यावरणविद् एवं मानव जीवन विकास समिति के संस्थापक निर्भय सिंह ने अश्वगंधा, हल्दी, हरण, विभीतक, आवंला एवं अदरक की खेती करने से किसानों को होने वाले लाभ के बारे में अवगत कराया। इस कार्यक्रम में आयुष विभाग के चिकित्सको ने आयुर्वेद विधा से सिकिल सेल एनीमिया एवं अन्य रोगों का व्यवहारिक व चिकित्सकीय औषधि फार्मूले बताए। वहीं देवारण्य नोडल अधिकारी डॉ. दिलीप कुमार अहिरवार ने बताया कि आयुर्वेद दिवस के अगले चरण के रूप में सोमवार को मझगवां स्थित देवारण्य पार्क में औषधीय पौधों का निरीक्षण एवं निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। साथ ही उन्होंने इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु ग्रामीण नागरिकों से अपील की।

### सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत ग्राम कुंआ में निकाली गई रैली

# नुक्कड़ नाटक से लोगों को स्वच्छता एवं सामाजिक कुरीतियों के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, रेड रिबन क्लब एवं इको क्लब द्वारा प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शनएवंप्रभारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता थीम पर आधारित जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

यह रैली पूर्व सरपंच व वर्तमान उपसरपंच प्रहलाद सोनी, सतीश विश्वकर्मा, रासेयो स्वयंसेवको, विद्यार्थियों एवं ग्रामवासियों के सहयोग से गोदग्राम कुआं के मुख्य मार्ग एवं विभिन्न गालियों से होते हुए 3 से 4 किमी. तक निकालकर 'स्वच्छता का सब रखिए ध्यान, स्वच्छता से बने देश महान','स्वच्छता अपनाना है, देश में खुशहाली लाना है','स्वच्छता ही सेवा है, गंदगी जानलेवा है' आदि विभिन्न नारो के माध्यम से आस-पास के क्षेत्र को गुंजित करते हुए तथा नुक्कड़ नाटक एवं 'देश हमे देता है सब कुछ, हम भी तो कुछ देना सीखे' गीत के माध्यम से लोगों को स्वच्छता एवं विभिन्न सामाजिक कुरीतियों बाल विवाह, दहेज प्रथाके प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम के अगले चरण मे दुर्गा मंदिर परिसर, खेर माता मंदिर एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई कर सिंगल यूज प्लास्टिक का एकत्रीकरण कर उसका विनस्टीकरण कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह द्वारा सभी से मिलकर स्वच्छता ही सेवा अभियान में सहभागिता कर गांव और देश को स्वच्छ बनाने की अपील की गई। साथ ही एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत पंचायत भवन परिसर में पौधरोपण कर ग्रामवासियों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत कुआं सरपंच सत्यवती सिंह, विभिन्न वार्डो के पंच, रोजगार सहायक अतुल सिंह, दुर्गा केवट, हरदास साहू, महेन्द्र विश्वकर्मा मौजूद रहे।

### सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन



सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पहाड़ी निवार में विविध सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक नाटक, क्राफ्ट, चित्रकला, गीत-संगीत तथा नृत्य (डांस) से संबंधित प्रस्तुतियाँ दीं। इन प्रस्तुतियों में उनकी कला, सृजनशीलता और सामाजिक चेतना का सुंदर संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की सफलता में प्राचार्य आलोक पाठक का मार्गदर्शन एवं सहयोग महत्वपूर्ण रहा। साथ ही हिंदी शिक्षक शांति सुमन दीपांकर, सावन ठाकरे, मानिक मैडम एवं सुमित उपाध्याय सहित समस्त विद्यालय के शिक्षकगणों का भी विशेष योगदान रहा। विद्यालय परिवार ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को समाज सेवा, सहयोग, सांस्कृतिक चेतना एवं सृजनशीलता को अपनाने हेतु प्रेरित किया। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत हुए इस आयोजन ने न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान किया, बल्कि उनमें समाजहित, कला प्रेम और टीम भावना को भी जागृत किया।

# स्वस्थ रहेगी नारी तों सशक्त रहेगा परिवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद




सेवा पखवाडा अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान चलाया जा रहा है। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्लीमनाबाद मे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ भारत माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इसके बाद सेवा पखवाडा अभियान पर विस्तृत जानकारी जनपद पंचायत अध्यक्ष लाल कमल बंसल ने दी।

उन्होने कहा कि नारी स्वस्थ रहेगी तों उसका परिवार सशक्त होगा। इसलिए नारी स्वस्थ रहे इसके लिए जो पोष्टीक आहार का सेवन महिलाओं को करना चाहिए। साथ ही स्वास्थ्य व महिला बाल विकास विभाग के अमले को ग्रामीण अंचलो मे जाकर महिलाओ को जागरूक करना चाहिए। स्वस्थ नारी -सशक्त परिवार अभियान के के विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया गया। शिविर मे जिला अस्पताल से से स्त्री,दंत एवं शिशु विशेषज्ञ चिकित्सक भी आये। शिविर में 43 गर्भवती महिलाये एवं 155 अन्य मरीजो का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां वितरित की गईं। साथ रक्तदान कार्यक्रम भी हुआ। रक्तदान शिविर मे 4 यूनिट ब्लड संग्रह किया गया। सबसे पहले आशा कार्यकर्ता आभा दूबे ने रक्त दान किया।

स्वास्थ्य विभाग के द्वारा सेवा पखवाडा अभियान के तहत स्वस्थ नारी सशक्त परिवार की जागरूकता को लेकर जागरूकता रैली निकाली। नारों के माध्यम से स्वस्थ नारी सशक्त परिवार को लेकर जागरूक किया गया। चिकित्सा अधिकारी डॉ शिवम दुबे ने बताया कि सेवा पखवाडा अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग के द्वारा प्रतिदिन अलग अलग गतिविधियाँ आयोजित की जायेंगी।

### कृत्रिम गर्भाधान से 90 फीसदी मादा पड़िया व बछिया ही पैदा होगी

# 'सेक्स सॉर्टेड सीमेन' तकनीक के द्वारा कृत्रिम गर्भाधान से होगा पशु नस्ल सुधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा आधुनिक एवं नवीन तकनीक ₹सेक्स सॉर्टेड सीमेन₹ से कृत्रिम गर्भाधान किया जा रहा है। इस तकनीक से गाय या भैंस से लगभग 90 प्रतिशत केवल बछिया या मादा पड़िया ही पैदा होते हैं। ये मादा बच्चे बड़े होकर उन्नत नस्ल के एवं 10-15 लीटर प्रतिदिन दूध देने वाले दुधारू गाय या भैंस बनते हैं। जिससे किसानों की आय में लगभग तीन बर्ष बाद आमदनी में 4-5 गुना तक वृद्धि होती है। आय में वृद्धि से किसानों के आर्थिक एवं सामाजिक स्तर पर अभूतपूर्व सुधार आयेगा।

जिले में पशुपालकों का रुझान एवं रुचि इस योजना के प्रति कमजोर है। जबकि पशुओं में नस्ल सुधार, ब्रीड डेवलपमेंट एवं तात्कालिक दूध उत्पादन में वृद्धि हेतु सेक्स सॉर्टेड सीमेन द्वारा कृत्रिम गर्भाधान सबसे आधुनिक और बेहतर तकनीक साबित हो रही है।

शासन द्वारा इस तकनीक से कृत्रिम गर्भाधान करने हेतु सीमेन डोज का शुल्क प्रति डोज मात्र 100 रूपये रखा गया है। स्वयंसेवी गौ-सेवक एवं मैत्री कार्यकर्ता आदि 100 रूपये के साथ अपना समुचित पारिश्रमिक भी पशुपालक से ले सकते हैं।

इस योजना के लाभ के लिए पशुपालक को अपनी गाय या भैंस के गर्मी में आने की स्थिति में, अपने निवास स्थान के निकटतम पशु चिकित्सालय, पशु औषधालय, पशु उपकेंद्र, पशु चिकित्सक, क्षेत्राधिकारी या संस्था प्रभारी से संपर्क करना होगा। यह सुविधा मोबाइल वेटरनरी यूनिट पशुधन संजीवनी 1962 कॉल सेंटर में कॉल लगाने पर एवं ग्राम पंचायत के प्रशिक्षित गौ सेवक, मैत्री कार्यकर्ता एवं कृत्रिम गर्भाधान प्राइवेट प्रैक्टिशनर द्वारा भी घर पहुंच उपलब्ध कराई जा रही है। पशुओं के गर्मी में आने की स्थिति में पशुपालक सूचना देने के पूर्व से ही पशु को अपने घर पर बांधकर रखें। साथ ही यदि पशु गर्मी में सुबह आता है तो उसे शाम को कृत्रिम गर्भाधान होगा। जबकि यदि रात्रि में आता है तो आगामी दिवस सुबह से लेकर दोपहर के बीच में कृत्रिम गर्भाधान होना चाहिए।

यह सुविधा जिन ग्रामों में पशु चिकित्सालय एवं औषधालय है वहां पर चिकित्सालय पर एवं जहां पर संस्थाएं नहीं है वहां पर विभागीय स्टाफ घर पहुंच सेवाएं भी प्रदान कर रहे हैं।

पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा पशु नस्लभ सुधार एवं पशु संवर्धन हेतु सामान्य सीमेन द्वारा कृत्रिम गर्भाधान की योजना विगत कई वर्षो से संचालित है, किन्तु इस प्रकार के कृत्रिम गर्भाधान से गाय एवं भैंस में नस्ल सुधार कार्यक्रम में नर एवं मादा बच्चे पैदा होने की संभावना 50-50 प्रतिशत रहती है। कृषि में मशीनीकरण के कारण बैलों एवं पाड़ो का उपयोग बहुत कम हो गया है। जिसके कारण वह पशुपालकों के लिए अनुपयोगी होकर आवारा घूम रहे हैं। अतः यह तकनीक पशुपालकों के लिए आर्थिक बोझ बढ़ाने वाली एवं समय जाया करने वाली है।

### शासन की जनहितैषी योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक पहुंचाएं

# विजन एवं टीम वर्क के साथ नगर विकास के लिए होंगे अग्रसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर निगम में पदस्थ रहे निगमायुक्त नीलेश दुबे का स्थानांतरण कटनी से भोपाल होनें तथा नगर निगम में आयुक्त पद पर सुश्री तपस्या परिहार आईएएस की पदस्थापना होने पर रविवार को नगर निगम के मेयर इन काउंसिल सभाकक्ष में नवागत आयुक्त सुश्री परिहार का स्वागत एवं पूर्व आयुक्त श्री दुबे का विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी सहित निगम के मेयर इन काउंसिल सदस्यों पार्षदों एवं अधिकारी कर्मचारियों की मौजूदगी रही। जहां महापौर प्रीति संजीव सूरी, पूर्व आयुक्त नीलेश दुबे सहित निगम पार्षदों, अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा नवागत आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। वहीं उपस्थित जनों द्वारा पूर्व आयुक्त श्री नीलेश दुबे का शाल-श्रीफल से सम्मान कर स्मृति चिन्ह भेंट कर भावपूर्ण विदाई दी गई।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी नें नवागत आयुक्त सुश्री परिहार के स्वागत एवं निवर्तमान आयुक्त नीलेश दुबे के विदाई के क्षण को अत्यंत ही विशेष और भवनाओं से परिपूर्ण बताते हुए इस अवसर को अतीत की उपलब्धियों को स्मरण करने और भविष्य के संकल्पों को दृढ़ करने का पल बताया।

महापौर नें कहा कि हमें प्रसन्नता है कि आज हम नवागत आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार का स्वागत कर रहे हैं। हमें यह विश्वास है कि आपकी ऊर्जा, अनुभव और नवीन दृष्टिकोण से नगर निगम जनहित के कार्यों को और अधिक सशक्त दिशा देगा। नागरिकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने में निगम और अधिक सक्षम होगा, और हमारा नगर स्वच्छ, सुव्यवस्थित और आधुनिक स्वरूप की ओर अग्रसर होगा। आपके नेतृत्व में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। महापौर नें पूर्व आयुक्त श्री दुबे के मार्गदर्शन में नगर को स्वच्छता अभियान को नई गति मिलनें, राजस्व वसूली और सुव्यवस्थित प्रशासन में पारदर्शिता और दक्षता की बात कही जाकर नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने में श्री दुबे द्वारा दिये गए योगदान को नगर द्वारा सदैव स्मरण रखे जाने की बात कही जाकर उनके सुखी, समृद्ध एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।

नवागत आयुक्त तपस्या परिहार नें समारोह आयोजित करनें हेतु आभार व्यक्त करते हुए पूर्व निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा नगर विकास की दिशा में किए गए उल्लेखनीय कार्यो की सराहना की। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार नें विजन एवं टीम वर्क के साथ शासकीय योजनाओं एवं निगम के माध्यम से संचालित विकास कार्यो हेतु सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी-कर्मचारी के सहयोग की अपेक्षा की। इसके पूर्व नवागत निगमायुक्त द्वारा महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी से सौजन्य भेंट कर एमआईसी सदस्यों एवं पार्षदों से परिचय प्राप्त किया।

### प्लानिंग से करें दायित्वों का निर्वहन

पूर्व आयुक्त श्री दुबे ने नगर के विकास कार्यों का जिक्र करते हुए अधिकारी-कर्मचारियों से मिले सहयोग की प्रशंसा की और कहा कि यही प्रयास रहा कि सकारात्मक वातावरण के बीच अधिकारी कर्मचारी कार्य कर शासन की जन हितैषी योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक पहुंचाया जाए। नगर के विकास को गति देने के लिए आप सभी प्लानिंग एवं ईमानदारी के साथ कार्य करें।

# फसल कटाई के बाद नरवाई को न जलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

किसानों द्वारा खेतों में फसल कटाई के बाद बची हुई नरवाई (फसल के अवशेष) को जलाये जाने से रोकने हेतु राज्या शासन द्वारा हैप्पी सीडर और सुपर सीडर जैसे कृषि यंत्रों के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। इन यंत्रों को अनुदान पर किसानों को उपलब्धय कराने के लिए कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गये हैं।

### नरवाई जलाने से नुकसान

नरवाई जलाने से मिट्टी की उपजाऊ शक्ति कम हो जाती है, लाभकारी सूक्ष्म जीव नष्ट हो जाते हैं और मिट्टी की जल धारण क्षमता भी घट जाती है। इसके अलावा, आग से आसपास की फसलें, पशु-पक्षी और जन-धन की हानि का खतरा भी बढ़ जाता है।

हैप्पीं सीडर एवं सुपर सीडर जैसे यंत्रों की मदद से खेत में सीधे बुवाई की जा सकती है। साथ ही नरवाई का इस्तेवमाल पशुओं के चारा, जैविक खाद, ईंधन आदि के रूप में भी इस्तेमाल किया जा सकता है। हैप्पी सीडर यंत्र की कीमत लगभग 1 लाख 80 हजार रूपये से लेकर 2 लाख रुपये तक होती है। इस पर 50 प्रतिशत या अधिकतम 86 हजार रुपये तक का अनुदान मिलेगा। वहीं सुपर सीडर यंत्र की कीमत लगभग 2 लाख 80 हजार रूपये से लेकर से लेकर 3 लाख रुपये तक होती है। इस पर भी 50 प्रतिशत या अधिकतम 1 लाख 20 हजार रुपये तक का अनुदान मिलेगा।

इच्छु क किसान आधार कार्ड, भूमि की खतौनी (बी-1), ट्रैक्टर की आर.सी., पासपोर्ट साइज फोटो, मोबाइल नंबर, जाति प्रमाण पत्र (एससी/एसटी वर्ग के लिए) एवं बैंक पासबुक ले जाकर www.mpdage.org पोर्टल के माध्य म से ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के समय डिमांड ड्राफ्ट के रूप में सहायक कृषि यंत्री के नाम से 4500 रुपये का डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) जमा करना अनिवार्य है।

**कार्यालय- आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बिलायत कला पंजी0 क्रं0 500**

क्रंमाक-001/2025 दिनांकः-08.09.2025

**साधारण आमसभा की सूचना**

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित बिलायतकला पंजी0क्रं0 500 की वार्षिक आमसभा प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी समिति कार्यालय में दिनांक 24.09.2025 दिन बुधवार को समय 12. बजे से प्रशासक महोदय श्री शैलेष सिंह की अध्यक्षता में होगी। समिति के समस्त सम्मानित सदस्य/कृषकगण की उपस्थिति सादर प्रार्थनीय हैं। कोरम के अभाव में बैठक स्थगित कर आधा घंटे बाद पुनः 12.30 पर प्रारम्भ की जायेगी।

**विषयः-** (1.) वर्ष 2025-26 के लिए बजट की स्वीकृति बावद् विचार।
(2.) वर्ष 2024-25 के समस्त आय व्यय की स्वीकृत वाबद् विचार।
3. समिति मे वर्ष 2024-25 मे कार्यकारिणी' कमेटी के निर्णय की पुष्टि वाबद् विचार ।
(4.) गतवर्ष के वितीय पत्रक के अनुमोदन वाबद् विचार।
(5.) अन्य विषय प्रशासक महोदय की अनुमति से।

**समिति प्रबंधक**
**बी-पैक्स बिलायतकला**

## खबर संक्षेप

### अमावस्या पर सभी तालाबों पर पूजन अर्चन आज

दमोह। पितृ मोक्ष अमावस्या के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी दीनदयाल मंडल के द्वारा पुराना थाना तालाब पर भारत के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उनको पिंडदान किया गया व सभी लोगों को स्वच्छता की शपथ राजेंद्र चौरसिया द्वारा दिलाई गई। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के ऊर्जावान जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया, मंडल महामंत्री महेंद्र अहिरवाल, अरुण सोनी व मंडल मंत्री राहुल पाठक, राहुल ताम्रकार प्रमोद विश्वकर्मा, सुनील अहिरवाल, सुनील राठौर, सुरजीत सिंह, गोलू चौरसिया, लकी चौरसिया, अतुल असाटी व भाजपा के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

### पितृ मोक्ष अमावस्या पर बांदकपुर जागेश्वरनाथ धाम में उमड़ा जनसैलाब

बनवार। पितृ मोक्ष अमावस्या के पावन अवसर पर रविवार को दमोह जिले के बांदकपुर में स्थित देव श्री जागेश्वरनाथ धाम में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। पितृपक्ष के अंतिम दिन का विशेष महत्व होता है, इसी कारण बांदकपुर स्थित 13वें ज्योतिर्लिंग की मान्यता प्राप्त स्वयंभू दिव्य शिवलिंग देव श्री जागेश्वरनाथ के दर्शन करने हजारों श्रद्धालु पहुंचे और पितरों की आत्मा की शांति के लिए तर्पण, पूजा-अर्चना एवं दान-पुण्य किया। सुबह से ही मंदिर परिसर श्रद्धालुओं की लंबी कतारों से गुलजार रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। धार्मिक मान्यता है कि पितृ मोक्ष अमावस्या पर किए गए तर्पण, पिंडदान और भगवान शिव के दर्शन से पितृ प्रसन्न होते हैं और उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती है। यात्रियों ने न सिर्फ मुख्य मंदिर बल्कि परिसर में स्थित सर्वदेव मंदिरों के भी दर्शन किए। पूरा धाम 'हर-हर महादेव' के जयकारों से गूंजता रहा।

# हाथी पर सवार होकर आ रही मां दुर्गा दस दिनों तक रहेगा भक्तिमय वातावरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

शारदीय नवरात्र का शुभारंभ आज से होने जा रहा है और इस बार नवरात्र भक्तों के लिए खास होने वाला है इस बार 9 दिन की बजाय 10 दिनों की होगी, वहीं इस बार मां दुर्गा का आगमन गज वाहन (हाथी) पर हो रहा है, जिसे बेहद शुभ और समृद्धिदायक माना जाता है। नवरात्रि हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण त्योहार है, जिसमें मां दुर्गा और उनके नौ रूपों की पूजा की जाती है। यह समय शक्ति, साधना और भक्ति का प्रतीक होता है। नवरात्रि के त्यौहार को लेकर मंदिरों में तैयारी लगभग पूरी हो गई है। आज से शारदीय नवरात्रि पर्व की शुरुआत घट स्थापना और मां शैलपुत्री की पूजा से होगी। इस इस साल चतुर्थी तिथि 2 दिन होने से नवरात्रि पर्व 10 दिवसीय रहेगा। शहर में 25 से अधिक स्थानों पर देवी प्रतिमा विराजित की जाएंगी। श्री दुर्गा उत्सव समितियों के सदस्य रात-दिन पंडाल बनाने में जुटे रहे, वहीं मूर्तिकार भी देवी प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। नगर के पीताम्बरा पीठ के पुजारी पंडित सोनू मिश्रा ने बताया कि शारदीय नवरात्र का त्यौहार सोमवार से शुरू हो रहा हैं। नवरात्रि के दौरान मातारानी पृथ्वी लोक पर हर साल अलग-अलग सवारी में आती हैं। इस बार मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर आएंगी,धार्मिक ग्रंथों में मां दुर्गा का हाथी पर सवार होकर आना अत्यंत शुभ माना गया है। हिंदू धर्म में हाथी को ऐश्वर्य, शांति और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। हाथी पर मां का आना सुख-समृद्धि और प्रचुर वर्षा का प्रतीक है। इससे देश में धन-धान्य की कमी नहीं रहती और कृषि उपज अच्छी होती है।

### नवरात्र के 10 दिन में 10 शुभ संयोग का बन रहा योग

**दो दिन रहेगी चतुर्थी मुहूर्त**

मां पीतांबरा पीठ पुजारी पंडित सोनू मिश्रा ने बताया कि इस बार शारदीय नवरात्रि पर्व में एक अद्भुत संयोग बन रहा। इस बार नौ दिनों की जगह 10 दिनों तक देवी मां जगत जननी की आराधना होगी। ग्यारहवें दिन दशहरा पर्व मनाया जाएगा। नवरात्रि की शुरुआत 22 सितंबर से होगी. 25 और 26 सितंबर को चतुर्थी तिथि का व्रत रखा जाएगा. इस बार चतुर्थी तिथि दो दिनों तक रहेगी, जिसके कारण शारदीय नवरात्रि में एक दिन की वृद्धि होगी जो शुभकारी है। नवरात्रि में बढ़ती हुई तिथि को शुभ माना जाता है, जबकि घटती हुई तिथि को अशुभ माना जाता है। वैदिक शास्त्रों में कहा गया है कि जिस वर्ष श्राद्ध कम दिनों के होते हैं। उस दौरान नवरात्रि त्यौहार पूरे दस दिन के मनाए जाते हैं।

### नवग्रह की अनुकूलता का छुपा रहस्य नवरात्रि पर्वः श्री भगवान

शहर के सवा लाख मानस पाठ के महंत श्री श्री भगवान वेदांताचार्य रसिक ने हरिभूमि से चर्चा में बताया कि नवरात्रि एक दिव्य भूमिका का संदेश है जिसमें शब्दों की अभिव्यंजना उसकी व्यापकता में समाहित है जो सृष्टि की कारण है, जिसे प्रकृति कहते है। यह महामाया का स्वरूप है, जिसके नाना विध अंश में समाहित सौरमंडल नवग्रहों की पहचान है। जिसका अर्थ दिवा और रात्रि की अहं इकाई में शामिल है । जितना



रात्रि सृजन की क्रियात्मकता लिए गुप्त है उतना ही दिन उपासना के लिए बलवान ऐसा श्री भगवान वेदांताचार्य जी के कथन से स्पष्ट होता है। इसलिए बिना नवग्रह और कलश स्थापन के पूजा पाठ हवन यज्ञीय विधान संभव नहीं। साथ ही मुहूर्त का विचार आवश्यक है क्योंकि उसमें विचारों के मंथन की आवश्यकता होती है, जिस प्रकार दही मंथ के घी प्रकट होता है उसी तरह साधना के नव दिन प्रकट होने वाली शक्ति का नाम दुर्गा है । जो जीवन से दुर्गुणों को दूर करे और सदगुण का विकास मानव जीवन को अनंत की ऊंचाई में ले जाए जिसमें नवग्रह सहायक है । इसलिए तो नव का अंक पूर्ण है जहां नौ कुंड में शक्ति के हवन का भी विधान शास्त्रीय परंपरा का अंग है जिसमें संपूर्णता परिलक्षित होती है यह एक दार्शनिक दृष्टि कोण है । आइए एक बार प्रयास करे इसकी सैद्धांतिक संरचना को समझने का नौ दिन, नौ देवी स्वरूप, नवग्रह रूप और नवकुंड विधान नवरात्रि में माँ दुर्गा के नौ स्वरूप ही क्यों ? जिसकी पूजा ,साधना,उपासना की जाती है । नवग्रह के नौ रूप ही क्यों ? जिसकी पूजा की जाती है । नवकुंड का आकार पृथक क्यों? जिसमें हवन किया जाता है।

- शैलपुत्री – पर्वतराज हिमालय की कन्या (सूर्य से संबंध )
- ब्रह्मचारिणी – तपस्या और साधना की देवी (चंद्र की कला का स्रोत ) दोनों का श्वेत रूप
- चंद्रघंटा – शांति और शौर्य का प्रतीक ( मंगल की दिव्यता)
- कूष्मांडा – सृष्टि की आद्यशक्ति( बुध की व्यापारिक शक्ति जैसे सृष्टि का विकास)
- स्कंदमाता – बाल रूप कार्तिकेय की माता (गुरु की बौद्धिकता से शिष्य रूप में बालक की पोषणहरिणी)
- कात्यायनी – दैत्य संहारिणी (शुक्र सा चातुर्य शत्रु दमन की द्वैतक )
- कालरात्रि – अंधकार का विनाश करने वाली (शनि जो जीत के लिए हर अवस्था में प्रयत्नशील )
- महागौरी – निर्मलता और करुणा का स्वरूप( राहु के परिभ्रमण रूप साहसिक)
- सिद्धिदात्री – सिद्धियों और कल्याण की दात्री( केतु सदा बलवान)

### प्रथम दिन होगी शैल पुत्री की आराधना

*नंदीकेश्वर ने दक्ष को तप के लिए प्रेरित करते हुए बताया कि भगवती को पुत्री रूप में प्राप्त करने के लिए गौ माता में प्रतिष्ठित देवी की साधना करे जिससे सती का जन्म तुम्हारे घर होगा* नवरात्रि शक्ति और संस्कार का संगम" है इसलिए यह एक महान पर्व है। नवरात्रि केवल पूजा और अनुष्ठान का पर्व नहीं, यह नारी शक्ति, संयम और आत्मविश्वास का भी प्रतीक है। जब समाज स्त्री को माँ के स्वरूप में पूजता है, तब यह स्मरण रखना चाहिए कि वास्तविक शक्ति स्त्री के सम्मान और सुरक्षा में निहित है। जो शक्ति की परिचायिका है श्री भगवान वेदांताचार्य रसिक जी ने स्पष्ट किया कि जैसे करउँ सदा तिन्ह कै रखवारी,जिमि बालक राखइ महतारी॥* के अनुसार जैसे माता आपने बच्चे का पोषण करती है वैसे ही पृथ्वी जो नवग्रहों के मध्य सुशोभित है वह भी हमारा पालन पोषण करती है जिसका मूर्त रूप गाय है जिसके 4 पाद में नव रात्रि के 4 रूप छिपाए गए है समय पा कर वे मूर्त (प्रत्यक्ष) अवस्था में आते है भक्त मां के रूप में उन्हें पुकारते है इस प्रकार मां की साधना में निहित हमे चाहिए कि *गौ माता को राष्ट्र माता* का दर्जा दे कर पृथ्वी रूपी पालन पोषण करने वाली मां को नव रात्रि पर्यन्त भक्ति समर्पित करें।

### घट स्थापना मुहूर्त सुबह

अमृत मुहूर्त 6:02 से 7:33 बजे, शुभ मुहूर्त 9:03 से 10:34 बजे] अभिजित मुहूर्त 11:56 से 12:44 बजे। इस शुभ समय में कलश स्थापना करने से मां दुर्गा की कृपा और सुख-शांति का विशेष अनुभव माना गया है जो श्रद्धा भक्ति से ही प्रतीत होता है।

**कोई जनहानि नहीं, बड़ा हादसा टला**

# गैस टंकी फटने से धमाका दूर जा गिरा गैस सिलेण्डर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



रविवार सुबह लगभग 9:30 बजे नगर के वार्ड क्रमांक 8 में एक आवासीय मकान में फुल्की बनाते समय गैस सिलेंडर में अचानक आग लग गई, जिससे एक बड़ा धमाका हुआ। धमाके के कारण गैस सिलेंडर दो टुकड़ों में विभाजित हो गया। सिलेंडर का एक हिस्सा लगभग 100 मीटर दूर जाकर स्थानीय निवासी के सी सेन शिक्षक के घर के पास जाकर गिरा। घटना के समय मकान की दूसरी मंजिल पर कच्चा मकान बना था जहां प्रतिदिन की तरह कृष्णा पिता नन्हेंलाल साहू जो चार्ट फुल्की की नगर में दुकान लगाते हैं फुल्की बना रहे थे इस दौरान गैस टंकी मैं अचानक आग लग गई उन्होंने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग बढ़ती ही गई जिसके कारण वह तत्काल ही काम छोड़ नीचे आ गए एवं वे एवं परिवार के लोग घर के बाहर निकल आए, कुछ ही समय बाद एक बड़ा धमाका हुआ जिसके कारण दूसरी मंजिल के कच्चे मकान में सीमेंट की चद्दरें से गैस टंकी का आधा हिस्सा सीमेंट की चद्दरो को तोड़ते हुए 100 मीटर दूर जाकर गिरा धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग तत्काल वहां पहुंचे वहां जाकर उन्होंने देखा कि विस्फोट के कारण चद्दरें पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गईं और छत को भी नुकसान पहुंचा। हालांकि बड़ी घटना घटित होने से बच गई प्राप्त जानकारी के अनुसार, फुल्की बना रहे कृष्णा साहू पूरी तरह सुरक्षित हैं। हालांकि, घटना के कुछ समय बाद जब ऊपर लगे लोहे के दरवाजे को खोलने की कोशिश की गई, तो दरवाजा इतना गर्म था कि उसे खोलने में कल्पेश खटीक का हाथ जल गया पास के निवासी महेश मंगलम ने बताया कि धमाका बहुत तीव्र था, लेकिन सौभाग्यवश किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग सहायता के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। कृष्णा साहू का कहना है कि ईश्वर की कृपा रही कि इतनी बड़ी दुर्घटना में कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ।

# दो आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

देहात थाना पुलिस ने दो आरोपियों से मादक पदार्थ गांजा जब्त किया है। अवैध मादक पदार्थ गांजा के विरुद्ध कार्यवाही चौकी जबलपुर नाका थाना दमोह देहात श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह द्वारा अवैध शराब, गांजा, स्मैक आदि मदाक पदार्थो के विरूद्ध अधिक से अधिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके पालन में दिनांक 20. 09.25 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम मारूताल में दो व्यक्ति मादक पदार्थ गांजा बैचने के लिये रखे है। मुखबिर की सूचना तस्दीक करने हेतु दविश दी गयी। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी रचना मिश्रा के नेतृत्व में दो व्यक्तियों से 2 किलो 880 ग्राम गांजा कीमती 28880 रूपये जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। आरोपियों में राजू सिंह राजपूत पिता रामनाथ सिंह उम्र 58 साल निवासी मारूताल, मिर्जा शोएब बेग पिता मिर्जा सिकदंर बेग उम्र 23 साल निवासी रायपुर छ.ग. हाल न्यू दमोह कार्यवाही में शामिल हुये। अधिकारी/कर्मचारी निरीक्षक रचना मिश्रा, उनि प्रसीता कुर्मी, सउनि अभय सिंह, प्र. आर. सचिन नामदेव, म.आर. सुमन यादव, प्रआर रामकुमार, आरक्षक गौरव, रूपेश, सुरेन्द्र, हेमराज, प्रताप, आर० जितेन्द्र पटेल, सैनिक बबलू दुबे, सैनिक 56 महफूज का सहयोग रहा।

# महामहिम राज्यपाल करेंगे बड़ा देव मंदिर परिसर का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

दमोह जिले की जबेरा विधानसभा में 05 अक्टूबर 2025 को एक ऐतिहासिक आयोजन होने जा रहा है। इस दिन महामहिम राज्यपाल श्री मंगू भाई पटेल जी ग्राम चौरई, ऊपर पहाड़ पहुंचकर 100 करोड़ रुपये की लागत से बने बड़ा देव मंदिर परिसर का लोकार्पण करेंगे। इस मौके पर तैयारी की रूपरेखा स्थानीय विधायक एवं मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने अपने निवास नोहटा में आयोजित आदिवासी समाज की बैठक में प्रस्तुत की। मंत्री श्री लोधी ने बताया कि यह लोकार्पण महान वीरांगना रानी दुर्गावती की जन्म जयंती के अवसर पर होगा। मंत्री ने आगे कहा कि आने वाले समय में महादेव घाट रोड़ पर भगवान बिरसा मुंडा जी की मूर्ति और तेंदूखेड़ा क्षेत्र में अमर शहीद शंकर शाह एवं रघुनाथ शाह जी की मूर्ति भी स्थापित की जाएगी। बैठक में चौरई थाना धर्माचार्य आनंद शाह इरपाचे, धर्माचार्य करोड़ी शाह धुर्वे, गोड़ समाज महासभा जिला अध्यक्ष धीरज सींग, प्रदेश मीडिया प्रभारी सुनील शाह ऐडाली, ब्लॉक अध्यक्ष जयसींग कडोपा, जबेरा सरपंच शिवलाल धुर्वे, अनूसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष अरविंदर सींग जूदेव, तेंदूखेड़ा ब्लॉक अध्यक्ष योगेंद्र टेकाम, गोड़वाना स्टूडेंट यूनियन जिला अध्यक्ष प्रदीप मरकाम, अन्य जनप्रतिनिधि और आदिवासी समाज के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। इस बैठक में मंदिर परिसर के लोकार्पण से जुड़े सभी आयोजन, सुरक्षा और स्वागत तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

### ट्रक की टक्कर से युवक की मौत

**दमोह।** दमोह छतरपुर रोड पर नरसिंहगढ़ के आगे सुनार नदी पुल पर एक बार फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला है। तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर लगने से देर रात एक ग्रामीण युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। नरसिंहगढ़ के सुनार नदी पुल के समीप रविवार सुबह एक युवक का शव क्षत-विक्षत हालत में सड़क पर पड़े होने के बाद पुलिस मौके पर पहुची। शव की पहचान निवोरा निवासी लक्ष्मण पटेल के रूप में होने पर परिजनों को सूचना देकर पुलिस पंचनामा कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। बताया जा रहा है कि मृतक विभाग शराब पीने का आदी था कल भी वह नरसिंहगढ़ में नशे में घूमता हुआ लोगों को दिखा था। माना जा रहा है नशे में पैदल अपने गांव जाते समय पुल पार करते हुए वह तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गया होगा जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई उसके बाद उसका शव वहीं पर पड़ा रहा और सुबह उसकी सूचना पुलिस को लगी।

# जिला अस्पताल में भर्ती मरीज ने बिल्डिंग से कूद कर जान दी

**दमोह।** जिला अस्पताल दमोह में इलाजरत एक बुजुर्ग के तीसरी मंजिल से कूंद कर अपने जीवन लीला समाप्त कर लेने का दुखद दर्दनाक घटनाक्रम सामने आया है। फिलहाल पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है वहीं परिजन भी घटना की वजह नहीं बता पा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुन्ना खान नाम के बुजुर्ग श्वास की बीमारी से परेशान थे 16 सितंबर से वह जिला अस्पताल में भर्ती थे वही आज 21 सितंबर को दोपहर में वह अस्पताल के तीसरे खंड से नीचे कूद गए जिससे जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। प्रथम दृश्यटया आत्महत्या का कारण बीमारी से परेशान होकर यह आत्मघाती कदम उठाया जाना माना जा रहा है। जबकि मामले में अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि 19 सितंबर को बुजुर्ग अपने घर चले गए थे वहीं शाम को वापस आकर फिर से भर्ती हो गए थे ऐसे में अचानक क्या वजह रही जो उन्होंने यह कदम उठा लिया। वही बुजुर्ग के साथ में परिवार के किसी भी सदस्य के अस्पताल में नहीं होने की बात भी सामने आई है। जिससे यह भी अनुमान लगाया जा रहा है कि अकेलेपन अपेक्षा तथा इलाज से लाभ नहीं मिलने जैसे हालात में हताश होकर उन्होंने यह कदम उठाए हो। वह इस बात की भी जांच किया जाना जरूरी माना जा रहा है कि कहीं वह चक्कर आने या किसी का धक्का लगने से तो नहीं गिर गए। फिलहाल कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



### अग्रसेन जयंती के पूर्व निकाली विशाल शोभायात्रा....

**दमोह।** रविवार को सुबह महाराजा अग्रसेन मंदिर फुटेरा वार्ड 2 से अग्रवाल समाज दमोह के द्वारा एक विशाल शोभा यात्रा शहर के विभिन्न भागों से निकाली गई शोभा यात्रा में सबसे आगे दो घोड़े पर सवार सैनिक रहे वहीं घोड़े के पीछे बग्गी पर महाराजा अग्रसेन विराजमान रहे उसके पीछे दूसरी बग्गी में माता लक्ष्मी के रूप में विराजमान रही जिसके पीछे बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज की युवतियां महिलाएं और उसके पीछे महाराजा अग्रसेन की झांकी तत्पश्चात बड़ी संख्या में पुरुष वर्ग युवा वर्ग रहा जगह-जगह शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया शोभा यात्रा का समापन वापिस अग्रवाल धर्मशाला में किया गया जहां सामाजिक भोज का आयोजन किया गया कल अग्रवाल धर्मशाला में शाम 4:00 बजे से विभिन्न संस्कृतिक कार्यक्रमों पुरस्कार वितरण महाराजा अग्रसेन की आरती सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज के महिला पुरुषों के साथ मुख्य रूप से अग्रवाल सभा दमोह अग्रवाल राधा रमन ट्रस्ट अग्रवाल तरुण मंच अग्रवाल जन जागरण समाज कल्याण समिति अग्रवाल महिला मिलन समिति अग्रवाल महिला महासभा समिति अग्रवाल युवा एकता मंच के पदाधिकारी की विशेष रूप से उपस्थित रही।

**सोनवलकर स्मृति समारोह में प्रदान किये गये चंद्रकांत सम्मान 2025...**

# राष्ट्र का निर्माण नागरिकों की भागीदारी, समर्पण और कर्तव्य से ही संभवः मोहन नागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

राष्ट्र के निर्माण में नागरिकों की भागीदारी समर्पण से और कर्तव्य से ही संभव है तभी एक अच्छे राष्ट्र की परिकल्पना की जा सकती है उक्त आशय के विचार जन अभियान परिषद म.प्र. के उपाध्यक्ष राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त पर्यावरण विद् मोहन नगर ने व्यक्त किये। वे स्थानीय पीएम श्री महाविद्यालय के सभागार में 37 वे चंद्रकांत सोनवलकर स्मृति समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्याम शिवहरे जिला अध्यक्ष भाजपा ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप म पूर्व विधायक अजय टंडन और विद्या भारती मध्य क्षेत्र मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष विवेक शेडें उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मॉ सरस्वती एवं स्वर्गीय चंद्रकांत जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण से किया गया। सरस्वती वंदना का सुमधुर गायन कुमारी प्रतिभा बंसल ने किया। आयोजन समिति की ओर से मंचासीन अतिथियों का स्वागत पुष्पाहारो से किया गया। विशिष्ट अतिथि अजय टंडन ने स्वर्गीय चंदू गुरु के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और उन्हें बहुरंगी व्यक्तित्व की संज्ञा दी।

कार्यक्रम अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा स्वर्गीय चंद्रकांत जी सच्चे अर्थों में शहर की शान थे उन्होंने अनेक क्षेत्रों में कार्य करके दमोह को नई पहचान दी। समाजसेवी विवेक शेंडे ने स्वर्गीय चंद्रकांत जी के व्यक्तित्व को प्रेरक बताया और कहां कि पितृपक्ष में पूर्वजों को याद करना, हमारी पावन परंपरा है। समारोह के मुख्य अतिथि मोहन नगर ने अपने गवेषणा पूर्ण संबोधन से सबको मंत्र मुग्ध कर दिया और कहा कि समुद्र में मोती का जन्म



स्वाति नक्षत्र में काफी पीड़ा के बाद होता है आज मोती का प्रतीक है जबकि हम दमोह में 37 वे वर्ष में स्वर्गीय चंद्रकांत जी का पुण्य स्मरण कर रहे हैं। भारतीय ज्ञान परंपरा में अध्यापक, आचार्य और गुरु की पावन परंपरा रही है। उन्होंने भारत चीन युद्ध के समय देश द्वारा किए गए तन मन धन का उल्लेख किया और कहा कि इससे हमारे देश में राष्ट्र के प्रति भावना देखने मिली थी। इसी प्रकार भारत के संविधान में और इसकी प्रस्तावना में हम भारत के लोग का उल्लेख हमें सदैव प्रेरित करता है। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति आर वेंकटरमन का उदाहरण देते हुए कहा कि संकट के समय देश के नागरिकों का असली राष्ट्रीय चरित्र देखने मिलता है। देश के नागरिक अपने कर्तव्य के प्रति जितने चैतन्य होंगे कोई भी देश उतना ही मजबूत होगा। देश की राष्ट्रीय एकता, अखंडता और संप्रभुता उसके नागरिकों की भागीदारी पर निर्भर है। देश ने कोरोना काल का कठिन समय देखा है उस समय सब एक दूसरे की सहायता के लिए दौड पड़े थे। इसी प्रकार वर्तमान में अमेरिका के साथ व्यापार का तथा 50ः टैरिफ का अघोषित विरोध चल रहा है इसका मुकाबला करने के लिए नागरिकों को स्वदेशी की भावना अपनाना चाहिए। साथ ही नागरिकों की कानून और संविधान के प्रति गहरी आस्था होना चाहिए। उन्होने आवाहन किया कि पर्यावरण का संकट, आज के दौर में गंभीर स्थिति में है, पृथ्वी का तापमान लगातार बढ़ रहा है इस संकट से बचाने के लिए पर्यावरण जागरूकता, नदी की सुरक्षा, जीव जंतुओं की सुरक्षा और संतुलन आवश्यक है। एक पेड़ मां के नाम अभियान से नागरिक सीधे जुड़ सकते हैं और देश के प्रति अपना कर्तव्य निभा सकते हैं। आज हमारी गिनती विश्व के अग्रणी राष्ट्र में होती है। यह सभी भारतीय नागरिकों की भागीदारी से संभव हुआ है।

व्यख्यान माला में श्री नागर ने कहा कि हमारा देश खान-पान, जाति, धर्म, विविधता में एकता के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि देश के अलग-अलग राज्यों में भगवान राम के अनेक संबोधन है परंतु यह सब एक ही नाम श्री राम के पर्यायवाची हैं। हाल ही में नेपाल में हुई घटना में उस देश की राष्ट्रीय संपत्ति का नुकसान हुआ है, यह वास्तव में राष्ट्र के संसाधन का अपव्यय है। हमें यह समझना है कि देश की सार्वजनिक व्यवस्था, राष्ट्र के संसाधन आदि हमारे धरोहर है, इसकी जिम्मेदारी सभी नागरिकों के ऊपर है। आज हमारी धरती माता, जहरीले रसायन, के कारण बीमार हो गई है, अब हमें प्राकृतिक खेती की ओर लौटने का और जागरूक रहने का समय है। अब प्रत्येक घर में एक फैमिली किसान होना चाहिए। उन्होंने यातायात के नियम, युवा वर्ग, स्वदेशी अभियान, स्वावलंबी विचार, सामरिक शक्ति आदि अनेक विषयों पर अपनी बात रखी और कहा की हर एक राष्ट्र का अपना एक स्वभाव होता है। हमारे भारत का स्वभाव, सर्वधर्म समभाव और आध्यात्मिक चेतना है। हमारा देश सर्वे भवंतु सुखिनः की भावना पर काम करता है। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा चंद्रकांत सेवा सम्मान 2025 प्रदान किए गए। चिकित्सा क्षेत्र के लिए डॉक्टर श्रीमती मोनिका पालीवाल, शिक्षा व सामाजिक चेतना के लिए श्रीमती अर्चना जैन प्राचार्य, शिक्षा व खेल में नवाचार के लिए प्राचार्य सांदीपनि विद्यालय जबेरा, संजय बाजपेई को पुरस्कृत किया गया। संस्थागत श्रेणी में कला एवं संगीत के क्षेत्र में उत्थान साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था बकायन समिति के संजय पलनीटकर तथा सामाजिक चेतना अल्पविराम के लिए आनंद विभाग टीम जिला दमोह की ओर से कीर्तिकाम दुबे, रमेश व्यास, प्रेमलता उपाध्याय, उषा व्यास और कमलेश शुक्ला को स्मृति चिन्ह, शाल, श्रीफल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सुव्यवस्थित संचालन वरिष्ठ रंगकर्मी राजीव आयाची ने किया। आभार प्रदर्शन डॉ के.के दुबे और सुशील कुमार नामदेव ने किया।

कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित नगरीकगण एवं महिलाएं बडी संख्या में उपस्थित थी। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की पवित्र भावना की सराहना की गई।